# जोधपुर में एंबुलेंस और कार की भिड़ंत में दो की मौत, चार जने घायल

## हादसे में एम्बुलेंस सवार महिला सहित दो की मौत, कार के एयर बैग खुलने से यात्री बच गये

- खेड़ापा में राष्ट्रीय राजमार्ग 62 पर रातड़ी फांटा के पास हुआ हादसा, निजी एम्बुलेंस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई
- नागौर की तरफ से निजी एम्बुलेंस मरीज को लेकर जोधपुर आ रही थी, जिसमें सात लोग सवार थे

**जोधपुर,** (कासं)। जिले के खेड़ापा में राष्ट्रीय राजमार्ग 62 पर रातड़ी फांटा के पास बुधवार देर रात एक एंबुलेंस और कार की टक्कर में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें जोधपुर रेफर किया गया है। हादसे में एम्बुलेंस सवार महिला सहित दो की मौत हो गई, जबकि कार के एयर बैग खुलने से उसके यात्री सुरक्षित रहे।

खेड़ापा पुलिस ने बताया कि नागौर की तरफ से एक निजी एम्बुलेंस मरीज को लेकर जोधपुर आ रही थी, जिसमें सात लोग सवार थे। रातड़ी चौराहे के पास पहुंचने पर जोधपुर से नागौर की तरफ जा रही गुजरात नंबर की कार से एम्बुलेंस की आमने-सामने भिड़ंत गई। इसमें दो लोगों की मौके पर भी मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि एम्बुलेंस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार सभी लोग फंस गए। उसमें सवार नागौर के बासनी निवासी 60 वर्षीय महबूब अली और शहीदा की मौत हो गई।। शहीदा की तबीयत खराब होने के कारण परिजन उन्हें नागौर से एंबुलेंस में लेकर जोधपुर आ रहे थे, जबकि चार अन्य गंभीर घायल हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आस-पास के लोगों की मदद से सभी लोगों को मशक्कत के बाद बाहर निकाला। नागौर के बासनी निवासी अलमारा (25) पत्नी हेदर अली, शौकत अली (50) पुत्र हाजी सद्दीक, हैदर अली (30) पुत्र लियाकत अली व एक अन्य को बावड़ी के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जोधपुर जोधपुर भेजा गया। एसडीएम अस्पताल में सभी का उपचार चल रहा है। गुजरात नम्बर की कार में सवार लोगों को गंभीर चोट आने की जानकारी नहीं है। खेड़ापा पुलिस के पहुंचने से पहले ही कार में सवार सभी लोग निकल गए थे। स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि कार के सभी एयर बैग खुलने से इसमें सवार यात्रियों की जान बच गई, घटना के बाद वो निकल गए।

# पुष्कर में बस पलटने से 20 से ज्यादा यात्री घायल

- प्राईवेट बस गोविंदगढ़ से सवारियां भरकर पुष्कर आ रही थी

**पुष्कर,** (निसं)। पुष्कर समीप ग्राम किंशनपुरा मोड़ के पास बस पलटने से 20 ज्यादा यात्री घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए पुष्कर अस्पताल में उपचार किया गया गंभीर रूप से घायलों को अजमेर रेफर किया गया।

जानकारी के अनुसार प्राईवेट बस गोविंदगढ़ से रोजना की तरह सवारियां भर पुष्कर आ रही थी। इस दौरान ग्राम किंशनपुरा मोड़ पर बस अनियंत्रित होकर बस पलट गई इस दौरान बस में बैठे मजदूर यात्री घायल हो गये। सभी घायलों का पुष्कर अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी पर पुष्कर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई फिलहाल अभी किसी प्रकार की कोई बड़ी जनहानि नहीं होने की खबर है। गंभीर घायलों को अजमेर अस्पताल में रेफर किया गया। बस में करीब 40 सवारी होने बात सामने आ रही है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार 19 घायल का इलाज किया गया, जिसमें 5 गंभीर घायलों को अजमेर अस्पताल रेफर किया गया। अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी।

# मूंडसर गांव में डिस्कॉम और पुलिस टीम पर ट्रैक्टर से हमला

## थानाधिकारी ने पिस्टल तानकर हमलावर को रोका, आरोपी पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज

- थानाधिकारी ने अतिरिक्त पुलिस जाब्ता बुलाकर स्थिति को नियंत्रित किया
- घटना 24 दिसंबर, बुधवार को मूंडसर-रामसर रोड पर बिजली लाइन के कार्य के दौरान हुई

**नापासर,** (निसं)। थाना क्षेत्र के मूंडसर गांव में डिस्कॉम और पुलिस टीम पर ट्रैक्टर से हमला करने का मामला सामने आया है। यह घटना 24 दिसंबर, बुधवार को मूंडसर-रामसर रोड पर बिजली लाइन के कार्य के दौरान हुई। थानाधिकारी सुषमा शेखावत की तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया और आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार आरडीएसएस विंग की देखरेख में 33 केवी लाइन का कार्य चल रहा था। इसी दौरान बाबूलाल पुत्र तुलछीराम नामक आरोपी ने अपना ट्रैक्टर स्टार्ट किया और ठेका संस्था के कर्मचारी जगदीश पुत्र रामूराम को टक्कर मारने का प्रयास किया। इसके बाद आरोपी ने ट्रैक्टर को तेजी से घुमाकर सहायक अभियंता कपिल गुप्ता, सहायक अभियंता रोहित घई, ठेकेदार सुभाष बलारा, सोवन कुमार सैन और मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों की ओर दौड़ा दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए थानाधिकारी सुषमा शेखावत ने मोर्चा संभाला। उन्होंने बताया कि आरोपी जिस तरह से ट्रैक्टर चला रहा था, उसे देखते हुए उन्हें अपनी सर्विस पिस्टल निकालकर आरोपी की ओर ताननी पड़ी और सख्त चेतावनी देनी पड़ी। इसके बाद आरोपी ट्रैक्टर को मौके से दूर ले जाकर फरार हो गया। इस दौरान साथ मौजूद जवान सुरेंद्र, प्रदीप और सीताराम ने लाठियाँ लेकर आरोपी को रोकने का प्रयास किया और टीम को सुरक्षित दायरे में किया। घटना के बाद थानाधिकारी ने अतिरिक्त पुलिस जाप्ता बुलाकर स्थिति को नियंत्रित किया। आरोपी का ट्रैक्टर जब्त कर थाने लाया गया है।

थानाधिकारी सुषमा शेखावत ने बताया, आरोपी बाबूलाल के खिलाफ पहले भी थाने में आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस वारदात में उसके खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस टीम आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

# फर्जी डिग्री और सर्टिफिकेट पर शिकंजा कसेगी राज्य सरकार

- फर्जी डिग्री और दस्तावेजों के जरिए नौकरी पाने वाले गिरोहों पर लगाम लगाने के लिए राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया
- विश्वविद्यालयों द्वारा जारी की जाने वाली डिग्री, डिप्लोमा, मार्कशीट और माइग्रेशन सर्टिफिकेट पर अनिवार्य रूप से क्यूआर कोड अंकित किया जाएगा

**अजमेर,** (कासं)। फर्जी डिग्री और दस्तावेजों के जरिए नौकरी पाने वाले गिरोहों पर लगाम लगाने के लिए राजस्थान लोक सेवा आयोग के आग्रह पर राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। अब राज्य के सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों द्वारा जारी की जाने वाली डिग्री, डिप्लोमा, मार्कशीट और माइग्रेशन सर्टिफिकेट पर अनिवार्य रूप से क्यूआर कोड अंकित किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि भर्ती प्रक्रियाओं के दौरान बड़ी संख्या में संदिग्ध दस्तावेज सामने आते हैं, जिनकी जांच में लंबा समय लगता है। इसके निवारण एवं दस्तावेजों की पुष्टि हेतु विश्वविद्यालयों द्वारा जारी दस्तावेजों में विभिन्न परिवर्तन हेतु आयोग द्वारा राज्य सरकार को सुझाव प्रेषित किए गए थे, जिनके क्रम में तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा 3 सितंबर 2025 को तथा उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 26 सितंबर 2025 को राज्य के सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों को निर्देशित किया जा चुका है। इन परिवर्तनों के फलस्वरूप भर्ती संस्थानों द्वारा अभ्यर्थियों के दस्तावेज की पुष्टि एक क्लिक पर संबंधित विश्वविद्यालय के मूल रिकार्ड से सीधे ही की जा सकेगी। इससे भर्ती प्रक्रिया में तेजी के साथ ही दस्तावेजों में किसी भी प्रकार की विसंगति को तुरंत पकड़ा जा सकेगा। डिग्री और सर्टिफिकेट पर छपे क्यूआर कोड को स्कैन करते ही अभ्यर्थी का पूरा रिकॉर्ड विश्वविद्यालय के डेटाबेस से मिलान किया जा सकेगा। सभी विश्वविद्यालयों को निर्देश दिए गए हैं कि वे एनरोलमेंट (नामांकन) की एक मानक व्यवस्था लागू करें। अब प्रत्येक वर्ष विद्यार्थियों को वर्षवार और क्रमवार एनरोलमेंट नंबर आवंटित किए जाएंगे, जिससे रिकॉर्ड में हेराफेरी संभव नहीं होगी। यह नियम केवल डिग्री तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि प्रोविजनल सर्टिफिकेट, माइग्रेशन और अन्य प्रमाण पत्रों पर भी लागू होगा।

आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि भर्ती परीक्षाओं के बाद दस्तावेज सत्यापन के समय कुछ अभ्यर्थी बैक डेट में बनी फर्जी डिग्रियां पेश करने का आपराधिक कृत्य करते पाये गए हैं। नई व्यवस्था से न केवल पारदर्शिता, बल्कि दस्तावेजों की प्रमाणिकता डिजिटली वेरीफाइड होने से भर्ती प्रक्रिया में भी तेजी आएगी।

# जोधपुर में कबाड़ गोदाम में भीषण आग लगी

- गोदाम में प्लास्टिक सामान के साथ खाली सिलेण्डर रखे थे जो कि आग की चपेट में आने विस्फोट होने लगे
- गनीमत रही कि आसपास की बस्ती आग की चपेट में नहीं आई, अन्यथा और भी बड़ा हादसा हो सकता था

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के निकट सूरसागर स्थित कबीर नगर एरिया में गुरुवार सुबह सात बजे एक कबाड़ गोदाम में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप लिया और चहुंओर धुआं ही धुआं नजर आया। सूचना मिलने के साथ ही पुलिस प्रशासन और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। दोपहर डेढ़ बजे तक आग पर पूर्ण काबू पाया गया। आग बुझाने के समय एक फायरमैन भी नीचे गिरने से चोटिल हो गया, जिसे एमडीएम अस्पताल ले जाया गया। कबाड़ गोदाम में प्लास्टिक सामान के साथ खाली सिलेण्डर रखे हुए थे जो कि बाद में आग की चपेट में आकर विस्फोट करने लगे। गनीमत रही कि आसपास की बस्ती आग की चपेट में नहीं आई, अन्यथा और भी बड़ा हादसा हो सकता था।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि कबीर नगर में सुबह सवा सात बजे के आसपास इस कबाड़ गोदाम में आग की जानकारी हुई थी। जिसके बाद कबीर नगर में चहुंओर धुआं ही धुआं नजर आया, फिर आग की लपटें नजर आने लगी। बाद में पुलिस और दमकल स्टेशनों को कॉल कर बुलाया गया। सूरसागर, राजीव गांधी नगर और प्रतापनगर पुलिस के साथ एसीपी प्रतापनगर रविंद्र बोथरा खुद वहां पहुंचे। एसीपी प्रतापनगर रविंद्र बोथरा ने बताया कि इस गोदाम में यह दूसरी बार आग लगी है। आस पास के एरिया में अतिक्रमण भी हो रखा है, इसके लिए नगर निगम को कहा गया है, ताकि क्षेत्र अतिक्रमण मुक्त कराया जा सका। आज दमकलों को भी आने जाने में दिक्कत हुई मगर बाद में रास्ते से वाहनों को हटाया गया।

क्षेत्रवासियों का कहना था कि आग की भीषण का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वहां कबाड़ में खाली सिलेण्डर भी रखे हुए थे जोकि फटने लगे और धमाकों की आवाज आने लगी थी। पुलिस का कहना है कि धमाकों की आवाज भी सुनाई दी मगर वे सिलेण्डर फटे ऐसा नहीं था। प्लास्टिक ड्रम आदि भी फटने पर आवाज आती है। आसपास की बस्ती का आग की चपेट में आने बचाया गया है। आसपास के लोगों का कहना है कि यहां पर काजग गत्तों की फैक्ट्रियां भी आई है, साथ ही कई लोगों ने कबाड़ गोदाम बना रखे हैं। गनीमत रही कि दमकलों ने समय पर आकर आग को काबू कर लिया अन्यथा और भी बड़ा हादसा हो सकता था।

# फरार तीन आरोपी गिरफ्तार

**टोंक,** (निसं)। थानाधिकारी घाड के नेतृत्व में गठित टीम स्थायी वारंट में फरार चल रहे आरोपी सत्यनारायण उर्फ कालु पुत्र राजाराम शर्मा निवासी दौतलपुरा थाना घाड एवं लक्ष्मण पुत्र किशन लाल मीणा निवासी गैरोटी थाना घाड़ को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार देवली थाना टीम ने 11 माह से फरार अंतर्राज्यीय शराब तस्करी गिरोह का शातिर तस्कर भगवान दास पुत्र धनसिंह कश्यप निवासी हेदलपुर थाना कोलारी जिला धोलपुर गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि 13 फरवरी को हाइवे 52 पर जांच के बाद ट्रक में मिली हरियाणा निर्मित महंगी अवैध अंग्रेजी शराब के 490 कार्टुन बरामद किए गए थे, जहां मौके से चालक रणजीत कुमार एवं खलासी हरेन्द्र प्रसाद सिंह को गिरफ्तार कर ट्रक सहित शराब को जब्त किया गया था। पुलिस ने ट्रक मालिक व तस्कर भगवानदास को जो 11 माह से फरार था, को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया हैं।

# बेकाबू ट्रक पेड़ से टकराया, भीषण आग लगी

- ट्रक और उसमें भरा सामान पूरी तरह जल गया

**बीकानेर,** (निसं)। लूणकरणसर थाना क्षेत्र में देर रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। धीरेरां गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 62 पर एक ट्रक बेकाबू होकर पेड़ से टकरा गया, जिसके बाद उसमें भीषण आग लग गई। हादसे में ट्रक और उसमें भरा सामान पूरी तरह जलकर खाक हो गया, हालांकि चालक की सूझबूझ से कोई जनहानि नहीं हुई।

स्थानीय लोगों ने बताया कि देर रात ट्रक तेज रफ्तार में राष्ट्रीय राजमार्ग 62 से गुजर रहा था। इसी दौरान अचानक सड़क पर गाय आ गई। गाय को बचाने के कोशिश में ट्रक बेकाबू हो गया और सड़क किनारे पेड़ से जा टकराया। टक्कर के तुरंत बाद ट्रक में आग लग गई और कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। हादसे के दौरान ट्रक चालक बाबूराम ने सतर्कता दिखाते हुए चलती गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। इसके बाद ट्रक पूरी तरह आग की चपेट में आ गया और धूं-धूं कर जलने लगा। आग की लपटें दूर से ही नजर आने लगी। घटना की सूचना मिलते ही सहायक उप निरीक्षक सुरेश मीणा और चालक महावीर प्रसाद मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

सहायक उप निरीक्षक सुरेश मीणा ने बताया कि ट्रक गुजरात के मोरबी से कागज के रोल भरकर पंजाब के लुधियाना जा रहा था। हादसे में ट्रक और उसमें लदा सारा सामान जलकर खाक हो गया। हादसा भले ही भीषण था, लेकिन राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

# भगवानपुरा में अंबेडकर भवन की दीवार तोड़ने पर तनाव

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के मांडल उपखंड के भगवानपुर गांव में गुरुवार को अंबेडकर सामुदायिक भवन की चार दीवारी तोड़े जाने के बाद माहौल गरमा गया है। आरोप है कि गांव के ही कुछ भू-माफियाओं ने दुकान निर्माण की नीयत से इस सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है, जिससे दलित समाज में भारी रोष व्याप्त है।

स्थानीय पुष्कर खटीक की जानकारी के अनुसार, भगवानपुरा बस स्टैंड पर स्थित अंबेडकर सामुदायिक भवन का निर्माण करीब सात साल पूर्व हुआ था। दलित संगठनों का आरोप है कि गांव के कुछ रसूखदार लोग इस कीमती जमीन पर कब्जा कर दुकानें बनाना चाहते हैं। इसी उद्देश्य से दो दिन पूर्व रात्रि के अंधेरे में भवन की चारदीवारी को ढहा दिया गया।

गुरुवार को जब यह मामला उजागर हुआ, तो बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रशासन को दी सूचना, कार्रवाई की मांग घटना की गंभीरता को देखते हुए दलित संगठनों के पदाधिकारियों ने स्थानीय प्रशासन और पुलिस को मामले की जानकारी दी है। संगठनों का कहना है कि सार्वजनिक भवन को इस तरह क्षतिग्रस्त करना न केवल गैर कानूनी है, बल्कि यह एक पूरे समाज की भावनाओं के साथ खिलवाड़ है।

# 83 वर्षीय वृद्धा से दुष्कर्म का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस टीम ने 24 घंटे के भीतर मामले का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार किया

**मनोहरपुर,** (निसं)। पुलिस ने 83 वर्षीय वृद्ध महिला के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए गुरुवार को अज्ञात आरोपी को महज 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण राशि डोगरा (आईपीएस) ने बताया कि 22 दिसंबर को पीड़िता शाम के समय शौच के लिए गई थी। इसी दौरान मुँह बांधे हुए एक व्यक्ति ने महिला को घसीटकर सुनसान स्थान पर ले जाकर जबरन दुष्कर्म किया और मौके से फरार हो गया। घटना के बाद पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट पर थाना मनोहरपुर में प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए थानाधिकारी मनोहरपुर सुरेन्द्र सिंह (पुलिस निरीक्षक) के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने लगातार प्रयासों के बाद 24 घंटे के भीतर मामले का खुलासा करते हुए दुष्कर्म के आरोपी लोकेश जावा उर्फ लोकू (29 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी से पूछताछ जारी है तथा मामले में आगे की जांच की जा रही है।

# नवजात का शव मिला

**बीकानेर,** (निसं)। जिले के नाल थाना क्षेत्र स्थित करमीसर में कब्रिस्तान के पास नवजात बच्चे का शव मिला है। सूचना मिलने पर नाल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। नाल थाना एसएचओ विकास विश्नोई ने बताया कि करमीसर स्थित कब्रिस्तान के पास सड़क किनारे अर्द्ध विकसित नवजात का शव मिला है। इसकी उम्र लगभग 6-7 महीने बताई जा रही है। शव मिट्टी से सना हुआ था और जानवर नोच रहे थे। पुलिस ने नवजात के शव को पीबीएम अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि कब्रिस्तान से किसी जानवर ने शव को बाहर निकालकर सड़क किनारे छोड़ दिया होगा। पुलिस सभी संभावित पहलुओं पर जांच कर रही है।

# इलाज करने के बहाने किशोरी से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। घर में परिवार सहित किराए पर रह रही 15 वर्षीय किशोरी को बीमारी ठीक करने का झांसा देकर बार-बार दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मामला जवाहरनगर थाने में 3 नवंबर को पीड़िता द्वारा दर्ज करवाया गया था। आरोपी मोहम्मद अली पुत्र ममदुखान को गिरफ्तार करके अदालत में पेश किया गया। आरोपी को अदालत के आदेश से न्यायिक हिरासत में भिजवा दिया गया।

पीड़िता ने पुलिस को दिए परिवाद में बताया जब वह 15 वर्ष की थी, तब पीड़िता का परिवार आरोपी के मकान में किराए पर रहता था। एक दिन घर पर कोई नहीं था, तब आरोपी ने बताया कि वह तंत्र विद्या जानता है और अपनी तंत्र विद्या से पीड़िता की बीमारी ठीक कर देगा। ऐसा कहकर आरोपी ने पीर्डाता को अपने कक्ष में ले जाकर इलाज के बहाने उससे दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी लगातार पीड़िता का देह शोषण करने लग गया। आरोपी ने इसी दौरान ही पीड़िता का वीडियो बनाकर अपने मोबाइल फोन में रख लिया। बाद में आरोपी इस वीडियो को घर वालों को दिखाने का डर दिखा दिखाकर बार-बार दुष्कर्म करता रहा। पीड़िता के परिवार ने आरोपी का मकान छोड़कर दूसरी जगह रहना शुरू कर दिया। तब भी आरोपी पीड़िता को धमकियां देकर घर बुलाकर दुष्कर्म करता रहा। तीन साल लगातार शोषण के दौरान पीड़िता के परिवार ने उसकी शादी कर दी। तब आरोपी पीड़िता के ससुराल आया और सास तथा पति को धमकी दी कि उनको जान से मार देगा और पीड़िता का अपहरण करके श्रीगंगानगर ले आया। यहां आकर आरोपी ने तीन दिन एक होटल में रखा। फिर चंडीगढ़ ले गया। आरोपी की मां ने आरोपी को फोन करके गंगानगर बुलाया और फिर सूरतगढ़ थाने में दोनों को पेश कर दिया। वहां से पीड़िता अपने मायके लौट आई। आरोपी ने 30 अक्टूबर को पीड़िता के नाना को फोन करके धमकाया और पीड़िता को गौशाला रोड पर बुलाया। पीड़िता वहां पहुंची तो आरोपी ने अपने चचेरे भाई चिकी खान तथा जीजा गाजी को बुला रखा था। आरोपी ने चेचेरे भाई चिकी के साथ पीड़िता को चंडीगढ़ भेज दिया। वहां दो नवंबर तक रहे। पैसे खत्म हो गए तो स्टेशन पर आ गए। इसी दौरान श्रीगंगानगर पुलिस चंडीगढ़ पहुंची तो आरोपी चिकी भाग गया। पीड़िता को थाने लाया गया। पीड़िता की रिपोर्ट पर जवाहरनगर थाने में तीन नवंबर को केस दर्ज किया गया।

# श्रीकरणपुर में कथित धर्म परिवर्तन के आरोप में तीन गिरफ्तार

**श्रीकरणपुर,** (निसं)। यहां कथित धर्म परिवर्तन मामले में तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां से अदालत ने तीनों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में मेरठ निवासी और वर्तमान में श्रीकरणपुर में एक निजी विद्यालय के प्रिंसिपल मैथ्यू, श्रीकरणपुर वार्ड नंबर 11 निवासी राजेश कंबोज उर्फ पॉपी और देवता कॉलोनी निवासी बलजिंदर सिंह खोसा शामिल हैं। पुलिस इनके अन्य साथियों का भी पता लगाने का प्रयास कर रही है। इन आरोपियों से ज्वाइंट इंटेलिजेंस कमेटी और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों ने पहले ही पूछताछ पूरी कर ली थी। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपियों के बैंक खातों के लेनदेन, कॉल डिटेल्स और जर्मन दंपती को आरोपी पॉपी कंबोज द्वारा अपने घर में अवैध रूप से ठहराने जैसे मामलों में गहनता से पूछताछ की जाएगी।

जानकारी के अनुसार यह मामला 18 दिसंबर को श्रीकरणपुर के वार्ड नंबर 14 निवासी शरद गुबर द्वारा दर्ज करवाए गए मुकदमे से जुड़ा है। शरद गुबर ने आरोप लगाया था कि एक भवन में बीमारी ठीक करने का प्रलोभन देकर लोगों को धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जा रहा था। मौके पर विभिन्न राज्यों की रजिस्टर्ड गाडियां खड़ी मिली थीं, जिनमें एक यूपी नंबर की गाड़ी में दो विदेशी नागरिक और केरल नंबर की एक अन्य गाड़ी भी शामिल बताई गई थी। रिपोर्ट में यह भी आरोप लगाया गया था कि सीमावर्ती क्षेत्र में बिना अनुमति विदेशी नागरिकों की मौजूदगी प्रतिबंधित है और संबंधित लोग संगठित रूप से धर्म परिवर्तन की गतिविधियां संचालित कर रहे हैं। पुलिस ने जर्मन दंपती को अंतर्राष्ट्रीय सीमा के निकट अपने घर पर अवैध रूप से ठहराने के आरोप में आरोपी राजेश कंबोज के खिलाफ एक अलग मुकदमा भी दर्ज किया है, जिसकी जांच जारी है।

# करंट से तीन गौवंश की मौत

**मसूदा,** (निसं)। ग्राम देवमाली चरागाह भूमि में चर रही तीन गौवंश की करंट लगने से मौत हो गई। देवमाली निवासी चंद्रा गुर्जर से मिली जानकारी के अनुसार देवमाली चरागाह भूमि में गांव के मवेशी दिन में चरते रहते हैं एवं शाम को घर पर जाते हैं। आज भी मवेशी चरागाह में विचरण कर रहे थे। इसी दौरान 11 हजार केवी विद्युत लाइन का तार टूटकर नीचे गिर गया। इस दौरान तार में करंट का प्रवाह हो रहा था, जिसकी चपेट में आने से चंद्रा की एक गाय, प्रभु की एक गाय व श्रीमती लाली की एक गाय की मौत हो गई। चंद्रा गुर्जर ने विद्युत वितरण निगम पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि निगम के अधिकारियों व कार्मिकों को भी बताया गया था कि तार पुराने होने से कभी भी कोई हादसा हो सकता है। लेकिन विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिससे गौवंश की मौत हो गई।

# एक गिरफ्तार

**पावटा,** (निसं)। शराब ठेका लूट मामले में 6 साल से फरार पांच हजार रूपए के ईनामी अभियुक्त को प्रागपुरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रागपुरा थानाधिकारी भजनाराम चौधरी ने बताया कि प्रागपुरा थानाधिकारी भजनाराम चौधरी के नेतृत्व में गठित टीम ने ईनामी अपराधी धर्मपाल मीणा पुत्र महावीर मीणा निवासी दलेलपुरा थाना खेतड़ी जिला झुंझुनूं को गिरफ्तार किया है।

# अलग-अलग हादसों में दो जनों की मौत

**उदयपुर,** (निसं)। गत दिनों सड़क हादसे में घायल हुए ट्रक चालक की उपचार के दौरान मौत हो गई।

ाानकारी के अनुसार गत दिनों बड़नगर गुजरात से सोयाबीन से भरा ट्रक लेकर बरखेड़ा नीमच सिटी एमपी निवासी राजेंद्र यादव पुत्र सोहनलाल रवाना हुआ, जहां बीच रास्ते में बीपाछ थाना क्षैत्र में एक बोरी ट्रक से निचे गिर पड़ी। इसका पता चलने पर चालक ट्रक रोड़ बोरी लेने के लिए जा रहा था। इस दौरान अज्ञात वाहन ने उसे चपेट में ले लिया था। हादसे में गंभीर घायल होने पर रतलाम, नीमच चिकित्सालय से रेफर करने पर उदयपुर निजी चिकित्सालय में भर्ती करवाया, जहां उसकी मौत हो गई। इस पर हेड कांस्टेबल अमरसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। वहीं शहर के धानमण्डी थाना क्षैत्र में हलवाई ने विषाक्त वस्तु सेवन कर आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार झाड़ोल हाल धानमंडी निवासी हरिशंकर (36) पुत्र माधवलाल वैष्णव ने अज्ञात कारणों के चलते दो दिन पूर्व विषाक्त वस्तु का सेवन कर लिया, जिसकी तबीयत खराब होने पर परिजनों ने उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया जहां उसकी मौत हो गई।


भारत सरकार, रेल मंत्रालय
रेलवे भर्ती बोर्ड

आइसोलेटेड केटेगरी के विभिन्न पदों की भर्ती

केंद्रीकृत रोजगार सूचना (सीईएन) संख्या 08/2025

संकेतात्मक सूचना

नीचे दी गई तालिका में दिए गए विभिन्न श्रेणीयों के पद के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि **29.01.2026** है। सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही जमा किए जाने चाहिए।

आवेदन शुरू होने की तिथि : 30/12/2025
आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : 29/01/2026 (23:59 बजे)

| पद का नाम | 7वें सीपीसी के अनुसार पे लेवल | प्रारंभिक (₹) | चिकित्सा मानक | 01.01.2026 को आयु | संभावित रिक्तियां (सभी आरआरबी) |
|---|---|---|---|---|---|
| वरिष्ठ प्रचार निरीक्षक | पे लेवल 6 | 35,400 | सी-1 | 18-33 वर्ष | 15 |
| प्रयोगशाला सहायक ग्रेड III (रसायनज्ञ एवं धातुकर्मी) | पे लेवल 2 | 19,900 | बी-1 | 18-30 वर्ष | 39 |
| मुख्य विधि सहायक | पे लेवल 7 | 44,900 | सी-1 | 18-40 वर्ष | 22 |
| कनिष्ठ अनुवादक (हिन्दी) | पे लेवल 6 | 35,400 | सी-2 | 18-33 वर्ष | 202 |
| कर्मचारी एवं कल्याण निरीक्षक | पे लेवल 6 | 35,400 | सी-1 | 18-33 वर्ष | 24 |
| लोक अभियोजक | पे लेवल 7 | 44,900 | सी-1 | 18-32 वर्ष | 07 |
| वैज्ञानिक सहायक (प्रशिक्षण) | पे लेवल 6 | 35,400 | बी-1 | 18-35 वर्ष | 02 |
| | योग | | | | 311 |

**नोटः** 1. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन भरते समय आधार का उपयोग करके प्राथमिक विवरण सत्यापित करें, ताकि गैर-आधार सत्यापित आवेदनों के लिये भर्ती प्रक्रिया के हर चरण में विशेष विस्तृत जाँच के कारण होने वाली असुविधा और अतिरिक्त देरी से बचा जा सके।
2. आधार का उपयोग करके सफल सत्यापन के लिए, आधार में नाम और जन्मतिथि 10वीं कक्षा के पास-प्रमाणपत्र में दिए गए पूरे नाम और जन्मतिथि से 100% मिलान होने चाहिए। इसी तरह, ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले आधार को नवीनतम फोटो और नवीनतम बायोमेट्रिक्स (फिंगरप्रिंट और आइरिस) के साथ अद्यतन करना होगा।
3. यह सूचना केवल सांकेतिक प्रकृति की है, जिसे आगामी भर्ती सूचना (सीईएन) के बारे में भावी उम्मीदवारों को सूचित करने और आवेदन के लिए आवश्यक प्रमाण पत्र या दस्तावेज तैयार रखने के उद्देश्य से जारी किया गया है। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि भर्ती से संबंधित सभी नियम, शर्तें, पात्रता मानदंड, प्रक्रियाएं और अन्य आवश्यकताएं विस्तृत सीईएन संख्या 08/2025 (समय-समय पर जारी किए जाने वाले किसी भी शुद्धिपत्र सहित) के अनुसार ही होंगी, जिसे नीचे सूचीबद्ध आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइटों पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

| सीईएन संख्या 08/2025 में भाग लेने वाले सभी आरआरबी वेबसाइटें निम्नलिखित हैं | | |
|---|---|---|
| Ahmedabad www.rrbahmedabad.gov.in | Guwahati www.rrbguwahati.gov.in | Prayagraj www.rrbald.gov.in |
| Ajmer www.rrbajmer.gov.in | Jammu Srinagar www.rrbjammu.nic.in | Ranchi www.rrbranchi.gov.in |
| Bhopal www.rrbbhopal.gov.in | Kolkata www.rrbkolkata.gov.in | Secunderabad www.rrbsecunderabad.gov.in |
| Bhubaneswar www.rrbbbs.gov.in | Malda www.rrbmalda.gov.in | Siliguri www.rrbsiliguri.gov.in |
| Bilaspur www.rrbbilaspur.gov.in | Mumbai www.rrbmumbai.gov.in | Bengaluru www.rrbbnc.gov.in |
| Chandigarh www.rrbcdg.gov.in | Muzaffarpur www.rrbmuzaffarpur.gov.in | Gorakhpur www.rrbgkp.gov.in |
| Chennai www.rrbchennai.gov.in | Patna www.rrbpatna.gov.in | Thiruvananthapuram www.rrbthiruvananthapuram.gov.in |

संख्याः आआरबी/अज/विज्ञप्ति/सीईएन/08/2025
दिनांकः 26/12/2025

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती बोर्ड

दलालों, बिचौलियों और नौकरी का झांसा देने वालों से सावधान रहें।

